# शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

राजनांदगाँव (छ.ग.)

राजनीति विज्ञान विषय में

## NET / JRF परीक्षा हेतु विशेष मार्गदर्शन

**दिनांक** - 31 मई से 15 जून 2021 **समय** - संध्या 4 से 5 बजे तक

मार्गदर्शक

**सुश्री रश्मि मौर्य**

शोधार्थी, पं. जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नईदिल्ली

प्राचार्य एवं संरक्षक

**डॉ. सुमन सिंह बघेल**

**डॉ. बसंत कुमार सोनबेर**

संयोजक, कैरियर एंड गाइडेंस सेल

**कु. आबेदा बेगम**

विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग

**डॉ. दुर्गा शर्मा**

कार्यक्रम संयोजक

अतिथि प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान विभाग

Google Meet

# शासकीय कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय में 15 दिवसीय विशेष मार्गदर्शन क्लासेज का आयोजन

मुज़्ज़म्मिल खान

राजनांदगांव(हर समय आपके साथ)। शासकीय कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में विगत दिनों यूजीसी नेट, जेआरएफ पात्रता परीक्षा की तैयारी हेतु एक 15 दिवसीय विशेष मार्गदर्शन क्लासेज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ के रूप में सुश्री रश्मि मौर्य (शोध छात्र, पंडित जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी, दिल्ली) द्वारा नेटए जेआरएफ राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के संपूर्ण पाठ्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। राजनांदगांव जिले में स्थित अन्य महाविद्यालयों, जैसे बाबा साहेब आंबेडकर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव, शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा तथा शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव के विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में भाग

लेकर अपना ज्ञानवर्धन किया। सहभागी विद्यार्थियों ने प्रतिदिन प्रश्न पूछ-पूछकर परीक्षाओं में आने वाली कठिनाइयों का भी निराकरण भी किया। कार्यक्रम का संचालन मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एवं महाविद्यालयीन कैरियर गाइडेंस सेल के संयोजक डॉ. बसंत कुमार सोनबेर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती सुमन सिंह बघेल के उद्बोधन के साथ हुआ। प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय तथा राजनांदगांव जिले के छात्राओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। सुश्री रश्मि मौर्य जवाहर लाल नेहरू विश्व विद्यालय नई दिल्ली की शोध छात्रा है, उन्होंने स्वयं नेट, जेआरएफ की परीक्षा अनेक बार उत्तीर्ण की है। इस कार्यक्रम में छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसका लाभ लेना चाहिए। राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री आबिदा बेगम ने कहा कि जिले की राजनीति विज्ञान की छात्राओं के लिए यह अत्यंत लाभदायक सत्र होगा, मुझे पूरा विश्वास है कि क्षेत्र की अधिक से अधिक छात्राएं इस कार्यक्रम से लाभान्वित होंगी। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम की संयोजक एवं आतिथि व्यख्याता डॉ. दुर्गा शर्मा द्वारा किया गया।




नेट JRF मार्गदर्शन 31.05.2021